कार्यालय प्राचार्य,शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय,चारामा

जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

AISHE Code: C-24958 **College Code: 2105**

E-Mail:gccharama1989@gmail.com **Website :www.govtcollegecharama.in**

पत्र क्रमांक :196/स्था/2023 चारामा, दिनांक: 26/07/2023

//सूचना//

कक्षा :बीए–भाग एक में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित विषय समूह/ग्रुप/जाति और महिला संवर्ग में रिक्त सीटों के विरूद्ध आरक्षण नियमों का पालन करते हुए शासन द्वारा निर्धारित अर्हता पूर्ण करने की स्थिति में दिनांक : 28 जुलाई, 2023 और 31 जुलाई, 2023 को "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

क्र	प्रवेश दिनांक	प्रवेश समय	विषय समूह/ग्रुप
01	28 जुलाई, 2023	प्रातः 11.00– दोपहर 02.00 बजे तक	**A, B, C, D**
02	31 जुलाई, 2023	प्रातः 11.00– दोपहर 02.00 बजे तक	**E, F, G, H**

आवश्यक दस्तावेजों की स्वंय–सत्यापित छायाप्रति

(1) ऑनलाईन प्रवेश आवेदन की हार्ड कॉपी।
(2) ऑनलाईन प्रवेश पंजीयन शुल्क रसीद ।
(3) 10वीं कक्षा की अंकसूची की स्वंय सत्यापित छायाप्रति।
(4) 12वीं कक्षा की अंकसूची की स्वंय सत्यापित छायाप्रति।
(5) मूल निवास प्रमाण पत्र की स्वंय सत्यापित छायाप्रति।
(6) जाति प्रमाण पत्र की स्वंय सत्यापित छायाप्रति।
(7) आधार कार्ड की स्वंय सत्यापित छायाप्रति।
(8) 02 पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटोग्राफ्स।
(9) यदि NCC/NSS/Scouts/Sports आदि का अधिभार हो तो उसकी स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
(10) ABC ID Card की स्वंय सत्यापित छायाप्रति।

आवश्यक मूल (ओरिजनल) दस्तावेज

(1) मूल (ओरिजनल) स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी)।

(2) मूल (ओरिजनल) चरित्र प्रमाण पत्र ।

(3) ऑनलाईन एंटी–रैगिंग शपथ पत्र की मूल प्रति (ओरिजनल) जिसमें विद्यार्थी और अभिभावक का हस्ताक्षर हो।

(4) यदि गैप हो तो नोटरी द्वारा जारी मूल (ओरिजनल) गैप शपथ पत्र (गैप एफिडेविट)।

(5) माईग्रेसन प्रमाण पत्र।

नोट :

(1) प्रवेश के समय उपर्युक्त वाँछित दस्तावेज "प्रवेश आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी" के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा प्रवेश नहीं दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी।

(2) निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा करने के पश्चात् ही विद्यार्थी का महाविद्यालय में प्रवेश माना जायेगा।

(3) जाली प्रमाण पत्रों, गलत जानकारी, जानबूझ कर छिपाये गये प्रतिकूल तथ्यों, प्रशासकीय अथवा कार्यालयीन असावधानीवश यदि किसी आवेदक को प्रवेश मिल गया है, तब ऐसे प्रवेश को निरस्त करने का पूर्ण दायित्व प्राचार्य का होगा।

(4) प्रवेश निरस्त होने अथवा निष्कासन किये जाने की स्थिति में विद्यार्थी को संरक्षित निधि के अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क वापिस नहीं किया जायेगा।

(5) प्रवेश के समय विद्यार्थी का उपस्थित रहना अनिवार्य है। किसी और के माध्यम से प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(6) रिक्त सीटों से अधिक विद्यार्थी उपस्थित होने पर गुणानुक्रम/मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। सूची तत्काल 11.00 बजे तैयार किया जायेगा। अतः निर्धारित समय के पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

(प्रवेश प्रभारी)

रवीन्द्र सिंह चंद्रवंशी
सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र)
(Head of The Department)
Department of Economics
Govt.Shaheed Gendsingh College,Charama
Distt.-Uttar Bastar Kanker (C.G.)

(डॉ. के. के. मरकाम)
प्राचार्य
शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा
Principal
Govt. Shaheed Gendsingh College Charama
Distt. Uttar Bastar Kanker (C.G.)